9. विशेषण

संज्ञा–सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जिनकी विशेषता बताई जाती है वे विशेष्य होते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विशेषण की पुनरावृत्ति करवाते हुए उनसे विशेषण के बारे में जानें।
- ❖ कुछ वाक्य बोलें तथा बच्चों से उनमें विशेषण चुनवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए वाक्यों को पढ़ें तथा बच्चों को विशेषण स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- ❖ विशेष्य से परिचित करवाएँ तथा विशेषण–विशेष्य शब्द पढ़वाएँ।
- ❖ विशेषण के भेदों को बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए उदाहरणों की सहायता से समझाएँ।
- ❖ बच्चों को आसपास की प्रतिदिन काम आने वाली वस्तुओं के माध्यम से विशेषण समझाने का प्रयास करें।
- ❖ सुनिश्चित करें बच्चे विषय समझ पा रहे हैं। बीच–बीच में प्रश्न पूछती रहें।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।